## खबर संक्षेप

### रामेश्वर एवं मदुरई तीर्थदर्शन यात्रा

**पांढुर्ना।** नगरपालिका परिषद पांढुर्ना ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया है कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत आगामी 20 मार्च 2026 को रामेश्वर एवं मदुरई की यात्रा का शुभारंभ होगा। इसके लिए पात्र हितग्राहियों को 25/02/2026 पर्यंत आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की गई है। नगरपालिका पांढुर्ना में श्रीमती दुर्गा भुक्ते एवं कु. पल्लवी रामटेके सामुदायिक संगठन नगरपालिका के पास आवेदन जमा करा सकते है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत 140 हितग्राहियों की चयन सूची प्रकाशित

**छिन्दवाड़ा।** नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के डी.एल.टी.सी. घटक के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में से 140 हितग्राहियों का चयन किया गया है। चयनित हितग्राहियों की सूची निगम कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की गई है तथा इसे निगम की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। यदि किसी भी आवेदक या हितग्राही को इस सूची में सम्मिलित या अपवर्जित किसी नाम पर कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति प्रमाण सहित लिखित रूप में सूची प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा में प्रस्तुत कर सकता है।नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे सूची का अवलोकन कर आवश्यकतानुसार अपने अभिमत या आपत्तियाँ नियत समयावधि में प्रस्तुत करें।

### त्रिपुरारी पूर्णिमा का महाप्रसाद वितरण से हुआ समापन

**सौंसर।** नगर में श्री विट्ठल मंदिर देवस्थान में कार्तिक त्रिपुरारी पौर्णिमा के अवसर परदो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस दौरान बड़ी संख्या में नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कार्यक्रम का पुण्य लाभ लिया, गुरुवार को महाप्रसाद वितरण के साथ में कार्यक्रम का समापन किया गया।बुधवार को सुबह काकड़ आरती भजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस दौरान हभप का रोहिदास महाराज शास्त्री के द्वारा त्रिपुर प्रज्वलन एवं पंचकोशी यात्रा की।

### संबंधित भूखंड पर दोनों पक्ष की संयुक्त फोटो जरूरी

# कलेक्टर कार्यालय में भूमि रजिस्ट्री में सिर्फ दर्शाई गई एक पक्ष की फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



यहां अमरावती रोड पर प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय के लिए गत दिनों प्रशासन ने दान में प्राप्त जिस भूमि की रजिस्ट्री शासन के प्रतिनिधि के नाम पर कराई है उसमें संबंधित भूखंड पर अकेले दान दाता खडे होनेवाली फोटो संलग्न की गई है। इस विषय के जानकारों ने बताया कि म.प्र. शासन के नियमों के अनुसार किसी भूखंड का पंजीयन तभी हो सकता है जब उसे खरीदने और बेचनेवाला या दान देनेवाला और दान लेनेवाला दोनों पक्ष संबंधित भूखंड पर संयुक्त रूप से फोटो खिंचवाएं। इसके बाद दोनों पक्षों का संबंधित भूखंड पर का संयुक्त फोटो रजिस्ट्री के दौरान दस्तावेजों में संलग्न किया जाता है। काफी वर्षों से म.प्र. शासन के इस नियम का पालन करने के उपरांत ही भूखंडों की रजिसट्रियां हो रही है। गत 20 फरवरी 2025 को म.प्र. शासन के प्रतिनिधि अर्थात दान प्राप्तकर्ता के नाम पर वीरशैव लिंगायत मठ उर्फ गणपति मठ संस्थान की भूमि की रजिस्ट्री हुई है।

मठ की ओर से संस्था के सरभराकार वीररूद्र मुनी शिवाचार्य महाराज ने दानदाता के रूप में हस्ताक्षर किए है। इस रजिस्ट्री के दौरान संलग्न दस्तावेजों में म.प्र. शासन के प्रतिनिधि और मठ के सरभराकार की संबंधित भूखंड पर ली गई तस्वीर संलग्न नहीं की गई है। इसमें केवल मठ के सरभराकार वीररूद्र मुनी शिवाचार्य महाराज संबंधित भूमि पर अकेले खडे है ऐसी फोटो संलग्ल की गई है।

इसी प्रकार रजिस्ट्री दस्तावेज में दान की जा रही संपत्ति का बाजार मूल्य अंकों में 79,28,325.60/-रू. लिखा है। लेकिन इस राशि को शब्दों में उन्यासी लाख अठ्यासी हजार तीन सौ पच्चीस रू साठ पैसा लिखा है, जबकि इसे उन्यासी लाख अठ्ठाईस हजार तीन सौ पच्चीस रू साठ पैसा लिखा जाना चाहिए था। बताया जा रहा है कि इस रजिस्ट्री दस्तावेज में कुछ और भी त्रृटियां देखी गई है।

### लोगों ने कैबिन से बाहर से निकाला

## मोही घाट में 3 ट्रक आपस में भिड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

ग्राम तिगांव के आगे मोही घाट में आज सुबह 3 ट्रक आपस में भिड गए। इस भिडंत के दौरान एक प्याज लदा ट्रक पलट गया। प्याज भरे ट्रक के चालक संतोष सिंह ने बताया कि वह प्याज लेकर रायपुर जा रहे थे। मोही घाट में उनका ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। प्याज का ट्रक पलटने पर उसके पीछे आ रहे दो बडे कंटेनर आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में चालक संतोष सिंह कैबिन में फंस गए थे। आसपास के लोगां ने सहायता देकर उन्हें कैबिन से बाहर से निकाला। तीर्थदर्शन योजना के तहत यात्रा के लिए म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन अनिवार्य है।

## बड़चिचोली में 241 एवं पाटाढाना में 381 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में पहुचने वाले हर मरीज का बेहतर से बेहतर उपचार मिलेगा। गंभीर मरीजों को छिन्दवाड़ा सहित महानगरों में भेजकर उनका उचित उपचार किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माध्यम से आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों देशवासियों का निःशुल्क ईलाज किया जा रहा है। छिन्दवाड़ा और पाण्ढुर्णा में लगातार लगने वाले 100 शिविरों में आने वाले मरीजों का निःशुल्क और बेहतर ईलाज होगा। सांसद बंटी विवेक साहू का यह संदेश लेकर 51वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने शिविरों में उपस्थित लोगों को बताया।

उल्लेखनीय है कि 100 दिवसीय सेवा संकल्प अभियान की श्रृंखला में बड़चिचोली और पाटाढाना में 51वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बड़चिचोली में 241 एवं पाटाढाना में 381 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक ने बताया कि शिविरों के दौरान स्वास्थ्य विभाग तथा जिला चिकित्सालय से आए डॉक्टरों ने विभिन्न जांचें कीं और शहरवासियों एवं ग्रामीणों को आवश्यक परामर्श दिया।

## ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत पुलिस ने 10 माह से लापता नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

**छिंदवाड़ा।** पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत पुलिस ने 10 माह से लापता नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। इसके बाद पुलिस ने बालिका को परिजनों को सौंप दिया है। दस्तयाबी पर उद्घघोषित था 1000/- रूपये का नगद पुरस्कार रखा गया था। पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरें के निर्देशन में थाना प्रभारी कुण्डीपुरा महेंद्र भगत के नेतृत्व एवं विशेष पुलिस टीम द्वारा थाना कुण्डीपुरा के अपराध क्रमांक 175/25 धारा 137(2) बीएनएस में अपहृता नाबालिग बालिका उम्र 16 वर्ष को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया



।नाबालिग बालिका बिना बताए घर से कही चली गई थी, जिसकी गुमशूदगी की रिपोर्ट परिजनों द्वारा थाना कुण्डीपुरा में दर्ज कराई गई थी, मामला पंजीबद्ध कर त्वरित विवेचना प्रारंभ की गई जिसके अंतर्गत विशेष पुलिस टीम ने सक्रियता एवं सतर्कता से कार्य करते हुए बालिका का सुराग लगाया और सफलतापूर्वक दस्तयाबी की गई। इस कार्यवाही में उनि.चेतन मर्सकोले, सउनि.नितेश ठाकुर, प्र.आर. 765 श्याम ठाकरे, प्र.आर. 98 रविन्द्र ठाकुर, प्र.आर. 811 नितिन सिंह, म.आर. 403 शैल कुमारी पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा पुलिस टीम को उद्घघोषित राशि से पुरुष्कृत किया जाएगा।

# जादू टोना के शक में की हत्या आरोपी को पुलिस ने दबोचा

### मोहखेड़ थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मोहखेड़ पुलिस ने बीते दिनों खूनाझिर में हुए बुजुर्ग के हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी मोहखेड विजय राव माहोरे, चौकी प्रभारी उमरानाला पारस आर्मों द्वारा थाना मोहखेड़ के अप.क्र. 479/2025 धारा 103(1) भान्यासं . की घटना घटित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। घटना का संक्षिप्त विवरण – दिनांक 25.10.2025 को ग्राम खुनाझिर खुर्द का (मृतक) प्रताप पिता बल्जु धुर्वे उम्र 65 साल निवासी ग्राम खुनाझिर खुर्द (मोहखेड) अपने खेत में बने मकान (टपरा) के सामने मृत अवस्था में पड़ा है सूचना तस्दीक पर मृतक को सिर मे आई चोट किसी अज्ञात आरोपी द्वारा घटना समय को हत्या कारित करना पाये जाने से अपराध धारा सदर का प्रथम दृष्टया अज्ञात आरोपी के विरूध्द थाना मोहखेड में अपराध क्रमांक 479/2025 धारा 103(1) बीएनएस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

गठित विशेष टीम प्रभारी उनि चेतन मर्सकोले द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा फरियादी एवं संदेही से लगातार पूछताछ के दौरान संदेही पुरूषोत्तम पिता झलाराम निवासी भुमका टोला तिवड़ाकामथ को पकडकर पूछताछ करने पर आरोपी पुरूषोत्तम भलावी द्वारा बताया गया कि उसका बड़ा भाई उत्तम करीब 8-10 साल पहले पागल हो गया था और घर छोड़कर कही चला गया था, अभी कुछ दिन पहले उसकी भतीजी भी घर छोड़कर चली गई थी, आरोपी को जानकारी लगी कि मृतक प्रताप धुर्वे घर बांधने का काम और जादू टोना करता है, जिसे कुछ दिन पहले इसके घर के आस पास भी रात के समय में देखा था, जिस कारण आरोपी द्वारा मृतक प्रताप धुर्वे जादू टोना करने का संदेह हुआ , घटना दिनांक को आरोपी पुरूषोत्तम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से घर में रखी लोहे की राड से दिनांक 24.10.2025 की रात करीबन 7-8 बजे के मध्य मृतक प्रताप धुर्वे को लोहे की राड से 5-6 बार सिर में मारकर हत्या करना स्वीकार किया, जो अपराध में आरोपी पुरूषोत्तम द्वारा दिनांक 06/11/2025 को घटना में प्रयुक्त लोहे की राड एवं घटना दिनांक को पहने हुये कपड़े जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जे०आर० पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया हैं।

## निगम ने चलाया स्वच्छता जागरूकता एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान

**छिंदवाड़ा।** महापौर विक्रम अहके एवं आयुक्त सी.पी. राय जी के निर्देशानुसार, सिद्धि विनायक वेस्ट मैनेजमेंट की टीम द्वारा छिंदवाड़ा नगर के विभिन्न वार्डों संत रविदास मोहल्ला (वार्ड 23), सोनपुर-मल्टी (वार्ड 24), बरारीपुरा (वार्ड 25), राम मंदिर के पीछे (वार्ड 27), फूल मार्केट (वार्ड 30) एवं बस स्टैंड एवं सब्जी मार्केट (वार्ड 42) में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जनजागरूकता अभियान संचालित किए गए।इन अभियानों के अंतर्गत नागरिकों को कचरे के वर्गीकरण, स्वच्छता महुआ एप के उपयोग, होम कंपोस्टिंग की प्रक्रिया, तथा **RRR** (**Reduce**, **Reuse**, **Recycle**) के सिद्धांतों के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को गीले व सूखे कचरे को अलग करने, सेनेटरी वेस्ट एवं घरेलू हानिकारक कचरे का सुरक्षित निपटान करने हेतु प्रेरित किया गया।साथ ही "हर घर दस्तक अभियान" के अंतर्गत घर-घर जाकर टीम ने नागरिकों को स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया तथा फीडबैक लेकर स्वच्छता की शपथ दिलाई।इसके अतिरिक्त सिंगल-यूज प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान के तहत फूल मार्केट और सब्जी मार्केट क्षेत्रों में हर दुकान दस्तक अभियान एवं संवाद आयोजित किए गए। नागरिकों को सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः बंद कर पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की गई।इन अभियानों में नागरिकों का उत्साहपूर्ण सहयोग देखने को मिला। लोगों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।




## डॉ भूपेंद्र करवन्दे को मिला उपराष्ट्रपति के हाथों से सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सौसर के माटी में जन्मे वार्ड नं 15 गुरुदेव कालोनी निवासी और नौ किताबों के लेखक डॉ भूपेंद्र करवन्दे को हाल ही में उनके द्वारा विधि के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य को लेकर रायपुर में आयोजित एक समारोह में भारत के महामहिम राष्ट्रपति सी,पी, राधाकृष्णन,महामहिम राज्यपाल रोमन डेका, मुखयमंत्री विष्णु देव साय के हाथों राज्य का सर्वोच्च अलंकाण बेरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान 2025 से संम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इसके पूर्व श्री डॉ करवदे ने अपने शोधकार्य में अनुच्छेद 370 को हटाने की सिफारिश कर दी थी। डॉ. करवंदे के शोध में इस अनुच्छेद को "अस्थायी प्रावधान" बताया गया था और उन्होंने सुझाव दिया था,कि अनुच्छेद 370 के खंड (3) से "संविधान सभा" शब्द को हटाकर "राज्य विधानसभा" किया जाए, ताकि इस प्रावधान को संशोधित या समाप्त किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने भी बाद में अपने ऐतिहासिक फैसले में यही व्याख्या दी और केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35A को निरस्त कर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया।

## शताब्दी वर्ष पर 127 स्वयंसेवक साइकिल से पहुंचे नागपुर

### समापन स्थल पर हुई भारत माता की आरती, आरएसएस के पावन स्थलों के किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर छिंदवाड़ा से 127 युवा स्वयंसेवक महाविद्यालय कार्य विभाग के माध्यम से छिंदवाड़ा से नागपुर साइकिल चलाकर 125 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए नागपुर स्थित रेशिम बाग में जहां पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी उस कार्यालय तक पहुंचे । स्वयंसेवक के द्वारा इस साहसिक यात्रा को पूर्ण किया गया जो की छिंदवाड़ा से प्रारंभ होकर रामाकोना , सौसर ,बोरगांव सावनेर होते हुए हैं यात्रा नागपुर पहुंची है ।

दो दिवसीय इस साइकिल यात्रा में 127 युवा स्वयंसेवक साइकिल चलाते हुए पहुंचे नागपुर पहुंचकर डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार संस्थापक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्मृति स्थल पर पहुंचे वहां सभी ने पहुंचकर डॉक्टर हेडगेवार एवं श्री गोलवलकर गुरुजी की समाधि स्थल के दर्शन किए उसके बाद महल स्थित डॉक्टर हेडगेवार जी के निवास स्थान के दर्शन किए साथ ही महल स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय जहां प्रथम बार संघ की शाखा लगी थी उस पावन स्थल के सभी स्वयंसेवकों ने दर्शन किए और संकल्प लिया कि संघ के 101 में वर्ष में प्रवेश के अवसर पर प्रत्येक हिंदू घरों में संपर्क कर पंच परिवर्तन का विषय एवं संघ के विचार सभी तक पहुंचाएंगे। समापन स्थल पर सभी ने भारत माता की आरती की ।

## हुतात्मा दिवस पर बजरंग दल ने किया रक्तदान एवं रक्त परीक्षण

### बजरंग दल ने 50 यूनिट किया रक्त दान, बजरंग दल के महाकौशल प्रांत संयोजक हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विश्व हिन्दू परिषद के युवा आयाम बजरंग दल छिंदवाड़ा के सैकड़ों बजरंगियो ने आज हुतात्मा दिवस के उपलक्ष्य में षष्टी माता मंदिर में रक्त दान एवं रक्त परीक्षण कराया।

हुतात्मा दिवस अयोध्या धाम श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान निहत्थे कार सेवकों पर मुलायम सरकार द्वारा गोलियां चलवाई गई थी जिससे सैकड़ो कारसेवकों का बलिदान हुआ था उन सनातनी और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं को याद करते हुए प्रतिवर्ष बजरंग दल द्वारा हुतात्मा दिवस के रूप में रक्तदान रक्त परीक्षण किया जाता है उसी क्रम में आज छिंदवाड़ा जिले में 50 यूनिट रक्तदान और 150 कार्यकर्ताओं का रक्त परीक्षण किया गया जो जरूरतमंदो के प्राणो की रक्षा हेतु उपलब्ध कराया जाएगा ।बजरंग दल के प्रतिवर्ष के प्रमुख कार्यक्रमों में हुतात्मा दिवस पर बजरंग दल के बजरंगी जरूरतमंद लोगों के लिए रक्त का दान करते है साथ ही आपातकाल स्थिति में लोगो को उनको लगने वाले ब्लड ग्रुप की जांच कर सूचीबद्ध कर लिया जाता है। रक्तदान कार्यक्रम के बाद बजरंग दल की छिंदवाड़ा विभाग बैठक मोहन नगर स्थित झूलेलाल मंदिर में बजरंग दल के महाकौशल प्रांत संयोजक यतेन्द्र पाठक ने ली जिसमे दोनो जिले के बजरंग दल टोली के पदाधिकारी उपस्थित रहे । बजरंग दल महाकौशल प्रांत संयोजक यतेंद्र पाठक, अखिल भारतीय प्रमुख नैतिक शिक्षा गोविन्द शेंडे द्वारा पूजन कर रक्तदान प्रारंभ किया गया।

बजरंग दल विभाग संयोजक शैलेष यदुवंशी, बजरंग दल सिवनी विभाग संयोजक देवेंद्र सेन, विश्व हिंदू परिषद छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह जी, विश्व हिंदू परिषद परासिया जिला अध्यक्ष हरपाल सिंह जी, जिला मंत्री छिंदवाड़ा सुभाष गाडेकर जी, जिला परासिया जिला मंत्री गोलू सूर्यवंशी जी,जिला संयोजक गौरव सेन जिला संयोजक राधेश्याम जी जिला सहसंयोजक निर्भय पटेल आदि मौजूद रहे।



### आवास योजना के हितग्राहियों की संपत्तियां हो रही कुर्क

## आवास योजना में राशि लेकर भवन निर्माण नहीं करने वालों पर निगम सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) – बी.एल.सी. (स्व निर्माण) घटक के अंतर्गत हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु शासन द्वारा राशि जारी की गई थी।

शासन के निर्देश अनुसार ऐसे हितग्राही जिन्होंने आवास योजना की राशि लेकर भवन का निर्माण नहीं उन्हें पर्याप्त सुनवाई का अवसर दिया गया साथ ही उन्हें भवन निर्माण करने के लिए भी निर्देश दिए गए। इसके उपरांत निर्देशों का पालन नहीं करने वाले हितग्राहियों पर निगम प्रशासन ने सख्ती से कार्यवाही प्रारंभ की है।

ऐसे हितग्राही जिन्होंने न तो निर्धारित समय सीमा में आवास निर्माण कराया और न ही प्राप्त राशि नगर निगम को वापस की, ऐसे हितग्राहियों के विरुद्ध प्रशासन कुर्की की



कार्यवाही प्रारंभ की है। निगम द्वारा प्रस्तावित कार्यवाही के उपरांत तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी छिंदवाड़ा नगर द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147 (ख) एवं 147 (ग) के अंतर्गत इन हितग्राहियों की अचल संपत्तियों की कुर्की वारंट जारी किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्व-निर्माण हेतु की राशि प्राप्त करने वाले ऐसे हितग्राही जो आवास निर्माण में विफल रहे तथा राशि वापसी का आदेश दिए जाने के बावजूद भी उन्होंने राशि जमा नहीं की। इसके चलते संबंधित हितग्राहियों की चल-अचल संपत्तियों की जानकारी एकत्रित कर कुर्की की प्रक्रिया आरंभ की गई है।

जारी आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जब तक राशि की वसूली पूर्ण नहीं होती, तब तक संबंधित हितग्राही अपनी संपत्ति को न तो विक्रय, दान अथवा किसी अन्य रूप में स्थानांतरित कर सकेंगे और न ही उस पर कोई भार डाल सकेंगे।

नगर निगम एवं तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शीघ्र ही फील्ड स्तर पर कुर्की की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। प्रशासन ने सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे कुर्की से पूर्व स्वेच्छा से राशि नगर निगम में जमा कराएं, अन्यथा नियमानुसार संपत्ति कुर्क कर वसूली की जाएगी।

### संवेदनशीलता और समर्पण से साकार हुआ नया जीवन

# चिकित्सा कर्मियों की तत्परता और टीमवर्क से महिला को मिली नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कभी-कभी ज़िंदगी और मौत के बीच बस एक टीम का समर्पण खड़ा होता है— ऐसी ही मिसाल पेश की है जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा और बीएमओ जमाई की चिकित्सा टीम ने। जिनके संयुक्त प्रयासों और संवेदनशीलता से एक गंभीर गर्भवती महिला को जहां एक नया जीवन मिला, वहीं गोद में स्वस्थ संतान का सुख भी मिला है।

जिले के विकासखंड जामई के ग्राम बिछुआ चरणभाटा की 30 वर्षीय गर्भवती श्रीमती सुमरती भारती पति रामलाल भारती को 22 अगस्त 2025 को गंभीर एनीमिया और लो ब्लड प्रेशर की स्थिति में सीएचसी जामई से जिला अस्पताल रेफर किया गया। उस कठिन घड़ी में महिला के साथ कोई परिजन भी नहीं था, न ही कोई पहचान पत्र उपलब्ध थे। लेकिन चिकित्सकों ने मानवीयता को सर्वोपरि रखते हुए बिना एक पल गँवाए उपचार प्रारंभ किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बीएमओ जामई डॉ.सुरेश नागवंशी ने तत्काल डीएचओ को सूचना दी, जिन्होंने स्त्री रोग विशेषज्ञों को अलर्ट किया। जांच में पाया गया कि सुमरती हाई रिस्क प्रेग्नेंसी केस हैं और पूर्व में उनकी कोई भी जीवित संतान नहीं है। साथ ही हृदय संबंधी बीमारी के कारण उनका हर क्षण चुनौतीपूर्ण था।

4 अक्टूबर को हालत और बिगड़ गई।04 अक्टूबर को सुमरती की हालत और बिगड़ गई, उनका ब्लड प्रेशर 85/52, पल्स 52 हो गई। तुरंत आईवी फ्लूड लगाया गया और नॉरएड्रेनलिन इंजेक्शन से स्थिति को नियंत्रित किया गया। डॉक्टरों द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जाती रही और रोज़ाना सीएमएचओ व डीएचओ को रिपोर्टें भेजी गई। जिसने यह साफ कर दिया था कि यह मामला सिर्फ चिकित्सा नहीं, बल्कि मानवता की परीक्षा का भी है। उसी दिन गायनेकोलॉजिस्ट द्वारा किया गया अल्ट्रासाउंड 35 सप्ताह का गर्भ दर्शा रहा था। सिविल सर्जन व आरएमओ के प्रयासों से 2डी ईको जाँच भी की गई, ताकि मां और शिशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## रोटे अनिल का रोटरी क्लब ने किया भव्य स्वागत

**छिंदवाड़ा।** रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा द्वारा क्लब के सीनियर रोटेरियन अनिल गुप्ता जी को उनकी यूरोप यात्रा से अपने ग्रह जिले वापस आने पर एवं देश की राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी छिंदवाड़ा के पुनः कोषाध्यक्ष पद



आसीन होने उन्हें बुके देकर रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी, सचिव रोटे निलेश गुप्ता कोषाध्यक्ष रोटे रूपल अग्रवाल, उपाध्यक्ष रोटे अरविंद अग्रवाल रोटे डाक्टर अनुराग माथुर, रोटे अशोक अग्रवाल, रोटे अमित माहेश्वरी। रोटे संदीप सिंह चंदेल, रोटे पंकज अग्रवाल, रोटे मनोज अग्रवाल,रोटे दीपक साहू, रोटे अमित मक्कड़, रोटे नंदकिशोर डोडानी, रोटे निलेश लाठ रोटे सचिन वर्मा सहित अन्य समस्त मेंबर्स ने बुके देकर स्वागत किया।इस अवसर पर श्री गुप्ता ने सभी के बीच यूरोप यात्रा के संस्मरण सुनाए और कहा कि भारत जैसे खूबसूरत देश कोई हो ही नहीं सकता ।अपनी भारत की माटी की खुशबु अनेकों देशों में हमारे देश के नौजवान अपने हुनर से बिखेर रहे है।ये हमारे लिए गर्व की बात है।उन्होंने बताया कि विदेश में भी हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेंद मोदी जी के कार्यों प्रशंसा विदेश में भी सभी भारतभाषी करते है एवं उनकी लोकप्रियता हमारे देश से कम नहीं है।ये हम सभी के लिए गर्व की बात है।

## हर्षोल्लास से मनाया कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री शिव मंदिर छोटा तालाब सुभाष पार्क छिंदवाड़ा की तत्वाधान में दो दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया ।आयोजन समिति के सेवादार संजय साहू ने बताया कि इन दो दिवसीय शिविर में विभिन्न कार्यक्रम के तहत ,पूजा अर्चना, धार्मिक प्रश्नोत्तरी इस्कॉन इंटरनेशनल संस्था की छिंदवाड़ा शाखा द्वारा हरि कीर्तन ,समिति द्वारा धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन ,नगर निगम सफाई मित्रों का सम्मान, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा श्री श्री भवानी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम की प्रथम दिवस नगर निगम के महापौर श्री विक्रम आहके एवं पार्षद गरिमा प्रतीक दामोदर ,मनोज सक्सेना द्वारा सफाई मित्रों का शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया । महापौर विक्रम अहाके ने संबोधित करते हुए कहा कि इस आस्था के केंद्र को संरक्षित कर यहां आयोजित होने वाले धार्मिक त्योहारों को गरिमामई रूप में मनाकर इस धरोहर को संरक्षित करें । कार्यक्रम उपरांत महापौर एवं समस्त अतिथियों द्वारा दीपदान भी किया गया ,,श्री शिव मंदिर समिति के द्वारा इस दो दिवसीय कार्यक्रम की सराहना करते हुए महापौर जी के हस्ते शिव मंदिर सेवादारों एवं सफाई मित्रों को शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र लेकर सम्मानित किए गए एवं समिति की सराहना की गई । धार्मिक प्रश्नोत्तरी का सही उत्तर देने पर तुरंत उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम के दूसरे दिवस विवांता अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, तथा समिति द्वारा लड्डू गोपाल जी के लिए हस्त निर्मित 70 सिंहासन का वितरण ,एवं श्री श्री भवानी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई, कार्यक्रम में दोनों दिवस प्रसादी का वितरण किया गया आयोजन को सफल बनाने में सेवादार मंगू माहोरे, प्रहलाद विश्वकर्मा, राम उसेरेठे , श्यामल राव ,अरुण शर्मा, श्रीमती अंजना राजकुमार जायसवाल, प्रतीक दामोदर, का सराहनीय सहयोग रहा।

## एरिया यूनिट ने दो विकेट से जीता मैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

अंतर और क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2025 26 का फाइनल मुकाबला नेहरू स्टेडियम बड़की में एरिया यूनिट विरोध न्यूटन क्षेत्र के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूटन क्षेत्र ने 194 रन बनाए 8 विकेट खोकर जिसमें सर्वाधिक संजर आलम ने 79 तौसीफ कुरैशी के 42 एवं धनराज के 29 रन की भागीदारी रही एरिया यूनिट की ओर से दीपेश अग्रवाल ने चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए एवं मोहम्मद नदीम ने चार ओवर में 34 रन देख दो विकेट लिए 195 रन का पीछा करने उतरी एरिया यूनिट की टीम से दीपेश अग्रवाल ने 42 गेंद पर शानदार 90 रनों की पारी खेली एवं मोहम्मद नदीम ने 48 रनों की पारी खेली जिसके कारण एरिया यूनिट यह मैच को दो विकेट से जीता संजर आलम ने चार ओवर में 23 रन देकर चार विकेट लिए मैन ऑफ द मैच दीपेश अग्रवाल रहे मैन ऑफ द सीरीज संजर आलम एवं बेस्ट बैट्समैन तौसीफ कुरैशी रहे आज के समापन समारोह में पेन क्षेत्र के जीवन संचालन पी के सिंह साहब बाय शशिधर क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य निर्मल रा ओ अलीम खान अशोक डोंगरे और रोहित दास वर्मा एवं नागपुर तक मेंबर कुंवर सिंह निखिलेश रहा एवं एचपी सिंह उपस्थित रहे इस प्रतियोगिता को आयोजन करने में अर्पण चौबे दीपेश अग्रवाल वसीमुद्दीन एवं शैलेश कुमार लड्डा की प्रमुख भूमिका रही आज के अंपायर मैक्वीन पर कुर्जी एवं वसीम खान राय स्कोर यशवर्धन सिंह एवं कॉमेंटेटर जुबैद खान राय आदि मौजूद रहे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग बेटियों की सुरक्षा एवं बेटियों को बचाने चला रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



समाज मे आज भी बेटी की अपेक्षा बैटा की प्राथमिकता पर बल दिया जा रहा हे परिवार मे बेटी का जन्म ना हो इस हेतू प्रसव केंद्रों मे अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारित की सहज उपलब्धता इस समस्या को ओर भी बढावा दिया हे ।गर्भवती महिला के भ्रूण की जांच के दोरान बेटी के होने पर भ्रूणहत्या कर जघन्य अपराध कर रहे हे । बेटी का जीवन मे कितना महत्व हे इस विषय की जानकारी देने , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन में जन जागरूकता कार्यक्रम स्थानीय सनराईज हाई स्कूल चंदन नगर मे महिला एवं बाल विकास विभाग छिंदवाड़ा के कर्मचारियों एवं प्राचार्य हेमलता साकरे,की उपस्थिति मे किया गया । इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की बेटीयो के लिंगानुपात के अंतर मे कमी आये जिसके लिए बेटीयो को बचाने किशोरियों को प्रशिक्षण देकर सशक्त करने का कार्य किया जा रहा हे ताकि विवाह उपरांत जीवन जीने का अधिकार का उपयोग कर स्वंय की सुरक्षा के साथ जन्मे बेटी का जीवन सुरक्षित कर सके जिससे की जिले के लिंगानुपात मे कमी लाई जा सके । इस दौरान छात्रो को समाज मे जागरूकता लाने नाबालिग बच्चों एवं परिजनों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ की कल्पना को साकार करने निरंतर आमजनों को प्रेरित करे साथ ही बच्चों के साथ हो रहे शोषण रोकने के लिये पाक्सो एक्ट, बेड टच गुड टच, ओर महिला सुरक्षा कानून का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा जिससे महिला एवं नाबालिग बालक अपने आपको सुरक्षित महसूस कर अच्छी शिक्षा के साथ अच्छा केरियर बना सके ।


### पढराखेड़ी में सत्यभामा सोमकुँवर का हुआ विदाई समारोह

**सौंसर।** ग्राम पढराखेड़ी के स्वास्थ्य विभाग में सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती सत्यभामा सोमकुवर का सेवा सेवानिवृत्ति परइस स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार करते हुए उपहार भेंट किये।विदाई समारोह को संबोधित करते हुएसंस्था प्रमुख डॉ पूजा कंगाले, ने कहा कि प्रत्येक शासकीय कर्मचारी के जीवन में सेवानिवृत्ति यह पल आता है, जब हमें जिनके साथ में लंबे समय तक कार्य किया उन्हें छोड़कर जाना पड़ता है, स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती सोमकुँवर के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में रहते हुए मरीजों जल्द से जल्द स्वस्थ लाभ हो साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार, ओर आम जनमानस को लाभ देने के लिए प्रशंसनीय कार्य किया है, श्रीमती सोमकुँवर का कार्यकाल स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को हमेशा याद रहेगा, इस दौरान सेवानिवृत हुई श्रीमती सत्यभामा सोमकुँवर के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में बिताए हुए खट्टे-मीठे अनुभव को साझा करते हुए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं क्षेत्र वासियों के मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया, इस दौरान बी.ई रवि तुमडाम,सुपरवाजर मीरा झड़वडे द्वारा शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर विभागीय कर्मचारी सुरेश आगरकर, श्याम शर्मा,सुनील वाहाने ,सुरेश सोमकुवर ,राकेश गोस्वामी,अंकित चौधरी,पुष्पा कोडापे,शोभा टेमभे प्रदीप सोमकुंवर आदि थे।

## अंतरराष्ट्रीय मंच पर मायल की चमक,बालाघाट खान को मिला गोल्ड मैडल

### पुरस्कार टीम भावना, नवाचार और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम-उम्मेद सिंह भाटी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



अंतरराष्ट्रीय क्वालिटी सर्कल सम्मेलन 2025 का आयोजन 3 से 6 नवंबर तक ताइपेई, ताइवान में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें विश्व के 16 देशों की विभिन्न टीमों ने भाग लिया। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भारत की ओर से मॉयल लिमिटेड, नागपुर की "अविघ्न क्वालिटी सर्कल टीम" का चयन किया गया था। अविघ्न टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, तकनीकी ज्ञान, नवाचारपूर्ण विचारों और बेहतरीन समस्या-समाधान क्षमता का परिचय देते हुए गोल्ड अवार्ड जीतकर देश और मॉयल का नाम गौरवान्वित किया। यह सफलता मॉयल लिमिटेड की गुणवत्ता, समर्पण, नवाचार और टीम भावना की सशक्त मिसाल है। टीम ने न केवल अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुति में दक्षता दिखाई बल्कि व्यावहारिक समाधानों के माध्यम से संगठन के उत्पादन और कार्यकुशलता में सुधार के उपाय भी प्रस्तुत किए। अविघ्न टीम बालाघाट खान में श्री उम्मेद सिंह भाटी, श्री संतोष कुमार राव, श्री नरेश सिंह सोमवंशी और श्री मनोज उमाले सम्मिलित रहे, जिन्होंने परिश्रम, एकजुटता और उत्कृष्ट टीमवर्क का परिचय दिया। इस सफलता के पीछे उनकी लगन और सतत प्रयास महत्वपूर्ण रहे। इस उपलब्धि पर अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक श्री उम्मेद सिंह भाटी ने कहा कि यह पुरस्कार हमारी टीम भावना, नवाचार और गुणवत्तापरक कार्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है, जो पूरे मॉयल परिवार के लिए गर्व की बात है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली यह उपलब्धि मॉयल लिमिटेड के लिए गौरव का विषय है और यह सिद्ध करती है कि कंपनी न केवल खनन क्षेत्र में अग्रणी है बल्कि गुणवत्ता सुधार और नवाचार के क्षेत्र में भी अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतर रही है। पूरे मॉयल परिवार ने अविघ्न टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है।

### गायन और नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया

## युवा महोत्सव 2025: महाविद्यालय पॉली एकेडमिक इंस्टीटय्शन बिसोनी (लांजी) ने लहराया विजय का परचम

हरिभूमि न्यूज लांजी ।



लांजी में 29वां युवा महोत्सव 2025 खेल और युवा कल्याण विभाग, बालाघाट (म.प्र.) के तत्वाधान में 4 नवंबर 2025 को मिल्ना स्टेडियम ग्राउंड बालाघाट में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय पॉली एकेडमी संस्थान बिसोनी (लांजी) के प्रशिक्षणार्थियों ने गायन और नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर संपूर्ण लांजी क्षेत्र के साथ बालाघाट जिले का नाम गौरवान्वित किया।

इस उत्सव में जिले भर के 15 से 29 आयु वर्ग के युवा जिला स्तर पर शासकीय, अशासकीय विद्यालय, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा, आदिम जाति कल्याण विभाग और नेहरू युवा केंद्र के युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक और नवाचारी गतिविधियों में भाग लिया।

महाविद्यालय पॉली एकेडमिक इंस्टीटय्शन बिसोनी के जिन प्रशिक्षणार्थियों ने युवा महोत्सव नृत्य और गायन में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, उनमें दिव्या डहारे (बी.एस.सी. बी.एड. प्रथम सेमेस्टर), प्रणाली चौहान, माही चौधरी, सुप्रिया सोनगडे, निधि पटले, दीपिका चौधरी, (तृतीय सेमेस्टर बी.एस.सी. बी.एड.), पलक मसराम, आशा यादव तथा करण बागड़े (बी.एस.सी, बी.एड. सप्तम सेमेस्टर) ने हिस्सा लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का परचम लहराया।

ये विजयी प्रतिभागी 14 और 15 नवंबर को संभाग स्तर पर अपने प्रतिभा और कला का प्रदर्शन जबलपुर में करेंगे। इस सफलता पर महाविद्यालय के संस्थापिका श्रीमती वंदना वैद्य, प्राचार्य बी.एल. लिल्हारे एवं समस्त प्राध्यापकों और सपोर्टिंग स्टाफ द्वारा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

## साईटोला कटोरी में क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन



### महलगांव के टीम ने जीता फाइनल मैच, ट्राफी से हुए सम्मानित, उपविजेता साईटोला

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम साईटोला कटोरी में प्रीमियम लीग ग्रामीण स्तरी टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच महलगांव की टीम के द्वारा जीता गया। उपविजेता साईटोला की बी टीम रही। प्रतियोगिता में करीब 16 टीमो के द्वारा हिस्सा लिया गया। मंगलवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला महलगांव और साईटोला बी टीम के बीच खेला गया। जिसमे महलगांव की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया, जिन्हे 7001 रूपए की नगद राशी और ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। तथा उपविजेता टीम साईटोला का 4001 रूपए की नगद राशि प्रदान की गई । पुरस्कार वितरण सरपंच डेविड मेश्राम एंव पूर्व उपसरपंच डूलीचंद पटले के द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से गिरा सुभाष चौक में ट्रैफिक सिग्नल

## दुर्दशा: एक बार बंद होने के बाद फिर भी चालू नहीं हुआ सिग्रल

### पूर्व नप अध्यक्ष स्व. श्रीमती मीरा 'आई समरीते के कार्यकाल में मिली थी सौगात



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के सुभाष चौक में लगे ट्रैफिक सिग्नल का देखरेख के अभाव में पहले से बुरा हाल तो था ही, परंतु बुधवार 5 नवंबर की बीती रात एक अज्ञात वाहन की ठोकर से उक्त ट्रैफिक सिग्नल टूटकर जमीन पर आ गिरा। जिसे नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा काटकर कार्यालय में जमा करा दिया है। ऐसे में नगर के व्यस्ततम चौराहे में लगे ट्रैफिक सिग्नल का भविष्य में दोबारा शुरू हो पाना संभव नजर नहीं आ रहा है। उल्लेखनीय है की यह सिग्नल पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा था और नगर परिषद के जिम्मेदारों ने इसकी सुध नहीं ली। नगर परिषद लांजी की लापरवाही के कारण शासन के लाखों रुपये पानी में जा चुके हैं। सुभाष चौक में हमेशा ही यातायात का भारी दबाव बना रहता है और अधिकतर सड़क हादसे भी यहीं होते हैं। बावजूद इसके नगर परिषद जिम्मेदारों ने ट्रैफिक सिग्नल को सुधारने के लिये प्रयास नहीं किये। जबकि इस परेशानी को लेकर जब भी समाचार पत्रों या चैनलों के माध्यम से बंद पड़े ट्रैफि क सिग्नल को चालू करने के मुद्दे उठाये गये तो जनप्रतिनिधियों द्वारा एक ही रटा रटाया बयान दिया गया कि बजट आने पर प्रस्ताव लेकर इसे शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं नगर के हृदय स्थल में मौजूद इतने विशालकाय ट्रैफिक सिग्नल हो ठोकर मारकर कोई अज्ञात वाहन फरार हो गया जिसकी जानकारी किसी के पास नहीं है जबकि मौका स्थल से 5 कदम की दूर पर थाना और बड़े व्यापारियों के प्रतिष्ठान हैं जिनके परिसरों में सीसीटीवी होने के बावजूद कोई अज्ञात वाहन के विषय में जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

**2016-17 में लगाये गये थे सिग्रल:** जानकारी अनुसार 2016-17 में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष स्व. श्रीमती मीरा 'आई समरीते के कार्यकाल में नगर नगरवासियों की समस्या को देखते हुए नगर में कई विकास कार्यों की सौगात दी गई थी जिसमें से एक ट्रैफिक सिग्रल भी था। तत्कालीन समय में नगर के सुभाष चौक और हाईस्कूल के सामने लगाया गया था जो उनके कार्यकाल तक पूर्ण देखरेख के साथ हमेशा चालू रहा। परंतु आई के कार्यकाल समापन के बाद नगर की ट्रैफिक सिग्रल की सेवा भी समाप्त हो गई जो फिर कभी शुरू नहीं हो सकी। जनचर्चा के अनुसार नगर में अधिकतर विकास कार्य स्व. श्रीमती मीरा आई समरीते के कार्यकाल की ही देन है जिसमें बिजली, पानी और चौड़ी नालियां शामिल हैं परंतु सेवा कार्यो को बढ़ावा देने की बजाय स्वार्थ की राजनीति से छोटे से शहर में ट्रैफिक सिग्रल जैसी उपलब्धि गर्त में समा गयी।

### युवाओं ने निकाली बाईक रैली, धन गुरुनानक व गुरु वाणी से गूँजा नगर

## गुरुनानक जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



गुरुनानक देव के प्रकाश उत्सव पर्व के अवसर पर नगर में सिंधी समाज द्वारा विगत 15 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थानीय गुरुनानक मंदिर से प्रतिदिन श्रद्धालुओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। जो प्रत्येक दिन नगर के विभिन्न वार्डो व हिस्सों का भ्रमण कर वापस मंदिर में पहुँचती रही, जहॉ पर प्रतिदिन प्रसादी का वितरण किया गया।

गुरु नानक देव जयंती के अवसर पर गुरुनानक मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः काल सिंधी समाज के श्रद्धालु युवक-युवतियों द्वारा धन गुरुनानक व गुरु वाणी का गान करते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। उसके बाद सुबह लगभग 10 बजे युवक-युवतियों द्वारा बैंड बाजे की धुन पर बाईक रैली निकाली गई। यह रैली गुरुनानक मंदिर से निकल कर पूरे नगर का भ्रमण कर वापस मंदिर पहुँची। इस दौरान नगर के विभिन्न चौक चौराहों पर रुक कर युवक-युवतियों द्वारा जम कर नृत्य किया गया।

बाईक रैली के मंदिर परिसर पहुँचने के बाद गुरुनानक देव व पाठ साहब की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें सिंधी समाज सहित नगर के अन्य समाज के नागरिकों द्वारा भी भाग लेकर महाप्रसादी ग्रहण किया गया। पूजा के दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, भूतपूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल, जिला पंचायत पूर्व सदस्य विक्रम देशमुख, राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली, पूर्व पार्षद विवेक विक्की एड़े सहित सिंधी समाज के पदाधिकारीगण और श्रद्धालुगणों ने गुरुनानक देव व पाठ साहब की पूजा अर्चना की। इस दौरान सिंधी पंचायत की ओर से विधायक, पूर्व विधायकों व अन्य का भव्य स्वागत किया गया।

उसके बाद शाम को गुरुनानक मंदिर से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा नगर के चौक चौराहों से नगर भ्रमण करते हुए वापस गुरु नानक मंदिर पहुँची। इस शोभा यात्रा में सिंधी समाज की महिलाएं, बच्चे और पुरुष सभी लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा गुरुनानक देव की जय, आयो लाल झूलेलाल, सतनाम वाहे गुरु, जय झूलेलाल की जय के जयकार लगाते रहे। वहीं महिलाओं, बच्चों ने भी धार्मिक भजनों पर जगह-जगह नृत्य किया। विधायक विवेक विक्की पटेल ने भी सिंधी समाज के युवाओं के साथ भक्ति गीतों पर नृत्य किया। नगर भ्रमण के बाद शोभा यात्रा गुरुनानक मंदिर पहुँची। जहॉ पर सभी श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी के रुप में भोजन ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप

### जनगणना 2027 पूर्व परीक्षण हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आगामी जनगणना 2027 के पूर्व परीक्षण अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्ष का शुभारंभ बुधवार, 5 नवम्बर 2025 को जनपद पंचायत कुरई के वीसी रूम, सभा कक्ष एवं मीटिंग हॉल में किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में 87 प्रगणक एवं 14 पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण उप महानिदेशक (जनगणना) श्री विजय कुमार, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरई श्री प्रशांत उइके एवं तहसीलदार कुरई श्री सतीश चौधरी की उपस्थिति व मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

### वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर जिला एवं तहसील स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में देशभर में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक वर्षभर समारोहपूर्वक आयोजन किए जाएंगे। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशानुसार 7 नवम्बर 2025 को प्रातः 9:30 बजे जिला मुख्यालय, तहसील एवं विकासखण्ड मुख्यालयों सहित सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। इसके उपरांत प्रातः 10:00 बजे से नई दिल्ली से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना जाएगा। जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत सिवनी के मीटिंग हॉल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही गणमान्य नागरिकों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ ही अन्य जनसमुदाय की उपस्थिति रहेगी।

### रुक रुक हुई बारिश से बेनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ा

**सिवनी** मुख्यालय सहित जिले के आठों विकासखण्ड में रुक रुककर बारिश हो रही है। जिसके कारण नदी नाले,पुल पुलिया लबालब हो गए हैं और रपटों के ऊपर से पानी बह रहा है। बीते 2 दिनों से जिले में रूक-रूककर हुई जोरदार वर्षा के चलते जीवनदायिनी वैनगंगा नदी का जल स्तर बढ़ गया है। और लखनवाड़ा,मझगवां, सुनवारा सहित अन्य घाटों तक पानी ऊपरी हिस्से तक आ गया है। कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, तिलवारा बाँयी तट नहर संभाग केवलारी ने बताया कि सिवनी जिले के संजय सरोवर भीमगढ़ बांध का जलस्तर पूरा होने पर भराव लेवल 519.38 मीटर से ज़्यादा होने बाद बांध का एक गेट खोला गया है... जिससे 1200 घन फीट प्रति सेकंड की जल निकासी की जा रही है।

## अग्रवाल समाज व सिंधी पंचायत ने संयुक्त रूप से निकाली आक्रोश रैली

# अभद्र टिप्पणी करने वालों पर रासुका लगाकर कठोर कार्रवाई करने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अग्रवाल समाज और सिंधी समाज ने अपने-अपने अराध्य देव के विरूद्ध की गई अमर्यादित व अपमानजनक टिप्पणियों पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। 6 नवंबर को शहर में आक्रोश रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है। दोनों समाज के सदस्यों ने बुधवारी बाजार सरचा होटल से एकत्रित होकर पैदल रैली निकाली।

आक्रोश रैली नारेबाजी करते हुए नेहरू रोड, शुक्रवारी, गणेश चौक, होकर कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपितों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) की कठोर कार्रवाई करने अग्रवाल समाज व सिंधी समाज के पदाधिकारियों ने अलग-अलग दो ज्ञापन तहसीलदार को सौंपे। आरोपित अमित बघेल व रिंकू सिंह को फांसी देने का नारा संयुक्त आक्रोश रैली में सामाजिकजनों ने बुलंद किया। अग्रवाल समाज अध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल (भालोटिया), महासचिव श्री नरेश अग्रवाल ने ज्ञापन में कहा कि आरोपित अमित बघेल ने अग्रवाल समाज के आराध्य कुलपिता महाराज श्री अग्रसेन के विरूद्ध अमर्यादित व आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इसका वीडियो वायरल होने से पूरे देश के अग्रवाल समाज में आक्रोश व गुस्सा व्याप्त है। आरोपित व्यक्ति पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में देश में सामाजिक व धार्मिक सौहार्द बिगडने की आशंका है। देश के 5 से 6 करोड़ अग्रवाल समाज के लोग इस घटना से व्यथित हैं। सिंधी समाज के आराध्य देव पर की गई टिप्पणी से पूरे सिंधी समाज में आक्रोश है।

### आरोपितों पर कठोर कार्रवाई की मांग

छत्तीसगढ़ सरकार को निर्देशित कर आरोपित अमित बघेल पर रासुका में कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही सिंधी समाज के आराध्य देव झूलेलाल पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले रिंकू सिंह पर रासुका लगाकर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई है। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्री उधवदास आसवानी, सचिव श्री कन्हैया आहूजा ने ज्ञापन में कहा है कि सिंधी समाज के आराध्य देव झूलेलाल व अग्रवाल समाज के अराध्य देव पर टिप्पणी करने वाले रायपुर के छुटभैया नेता अमित बघेल पर रासुका लगाकर कठोर कार्रवाई की जाए।






ज्ञापन में कहा गया है कि महाराष्ट्र के उल्हासनगर में एक धार्मिक कार्यक्रम में कथावाचक रिंकू सिंह द्वारा न केवल मंच पर मौजूद एक बुजुर्ग महिला के साथ अमर्यादित व्यवहार किया, बल्कि पूर्व में भगवान श्री झूलेलाल के प्रति अपमानजनक टिप्पणी भी की गई। इस कृत्य से सामाजिकजनों की भावनाएं आहत हुई हैं। दोनों आरोपितों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में समाज उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा।

### सामाजिकजनों ने दिया एकता का संदेश

श्री नरेन्द्र अग्रवाल ने दोनों समाज के व्यापारियों से एकजुट होने की बात कही। आक्रोश रैली में दोनों समाजों ने एकजुटता का परिचय दिया। कहा कि देश की एकता, धार्मिक सहिष्णुता व सांस्कृतिक सम्मान पर किसी भी प्रकार का आघात स्वीकार नहीं किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने अपील की है कि ऐसे मामलों में त्वरित व उदाहरणीय कार्रवाई सरकार करें, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी करने का दुस्साहस न कर सके। आक्रोश रैली में अग्रवाल समाज समिति व पूज्य सिंधी पंचायत के सभी पदाधिकारी, सदस्य व सामाजिकजनों ने शामिल होकर विरोध दर्ज कराया।

## मंदिर के पुजारी का मिला शव इलाके में हड़कंप; हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**बरघाट विकासखंड के ग्राम कल्याणपुर में स्थित सिद्ध स्थल मोर्चा देवी मंदिर इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है। दो दिन तक चली लगातार मशक्कत और सर्च ऑपरेशन के बाद आखिरकार मंदिर के पुजारी केदार वाडिवा का शव सर्राटी नदी के किनारे बुरी अवस्था में मिला।**

इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में सन्नाटा और दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों की कड़ी मेहनत के बाद यह शव बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के असली कारण का खुलासा हो सके। जानकारी के मुताबिक, केदार वाडिवा पिछले बीस वर्षों से मोर्चा देवी मंदिर के पुजारी के रूप में सेवा दे रहे थे। वे कल्याणपुर ग्राम के निवासी थे और जनसेवा के लिए समर्पित जीवन व्यतीत कर रहे थे।

जंगल के बीच स्थित इस प्राचीन मंदिर में वे न केवल पूजा-पाठ करते थे बल्कि जड़ी-बूटियों और आयुर्वेदिक ज्ञान के लिए भी दूर-दूर तक प्रसिद्ध थे। भक्तों का कहना है कि केदार वाडिवा की सेवा भावना और सिद्ध शक्तियों के कारण ही ग्रामीणों ने जंगल के बीच सडक़ बनवाकर मंदिर तक पहुंच आसान की थी। मंदिर में नवरात्र और अन्य धार्मिक पर्वों के दौरान भारी भीड़ उमड़ती थी, और श्रद्धालु देशभर से आकर दर्शन करते थे। लेकिन अब जब वही पुजारी मृत अवस्था में मिले हैं, तो हर कोई स्तब्ध और शोकाकुल है।

## कलेक्टर ने दिए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराने एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश

सिवनी 04 नवंबर 2025/ कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित एग्री स्टेक एवं फार्मर रजिस्ट्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी पात्र किसानों का फार्मर रजिस्ट्री एवं एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे शासन की विभिन्न कृषक हितैषी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि सभी किसानों का फार्मर रजिस्ट्री में पंजीयन शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने नरवाई प्रबंधन हेतु आधुनिक कृषि यंत्रों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने और कृषकों को ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। ऐसे क्षेत्र जहां जल उपलब्धता कम है, वहां दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया।



## रनमन टोला वासियों ने मूलभूत सुविधाओं के लिए विधायक रजनीश सिंह को भी सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नगर परिषद के वार्ड नंबर 15 शिवाजी वार्ड रनमन टोला में रहने वाले वार्ड वासियों ने अपनी बुनियादी सुविधाओं को लेकर क्षेत्रीय व केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह से मांग की। ज्ञात हो कि बुधवार 5 नवम्बर को विधायक के गृह ग्राम बर्रा में मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा जिसमें रनमन टोला वासियों ने अपने क्षेत्र में सडक़,पानी और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं की गंभीर कमी को उजागर किया जिस पर विधायक सिंह ने संबंधित विभागीय अधिकारी से मोबाइल पर संपर्क कर जल्द से जल्द सुविधाओं को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाने को लेकर निर्देशित किया, साथ ही रनमन टोला वासियों को आश्वस्त किया कि उनके क्षेत्र में सडक़-पानी सुविधा उपलब्धता को लेकर वह हर संभव प्रयास किया जाएगा वहीं नगर परिषद छपारा प्रभारी सीएमओ गीता बाल्मिक द्वारा वार्ड वासियों से आगामी कुछ दिनों में उनके वार्ड में पहुंच निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाया जायेगा।

## खेत में 11 फुट लंबे, 15 किलो वजनी अजगर को देख मचा हड़कंप

# सर्प मित्र प्रवीण तिवारी ने किया अजगर सर्प का रेस्क्यू पहुंचाया सुरक्षित स्थान पर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** फसलों की कटाई और खेतों की सफाई के लिए आजकल अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग किया जाता है जैसे की हार्वेस्टर ट्रैक्टर और कहीं-कहीं खेतों की फसल कटाई के बाद बची हुई डंठलों पराली, और नर्वाई की सफाई के लिए खेतों में आग भी लगा दी जाती है।

ऐसा ही सिवनी मुख्यालय से 12से13 किमी दूर अरी रोड़ स्थित टोल नाके के सामने स्थित अभिषेक चौरसिया पिता मनीराम चौरसिया अपने खेत में फसल कटाई के बाद खेत की सफाई के लिए ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्रों का उपयोग कर रहे थे तभी उन्हें कटी हुई धान की फसल के पैरे के नीचे एक अजगर सांप दिखाई दिया। जो कि कृषि यंत्रों की चपेट में आकर घायल या मारा भी जा सकता था। जिसकी सूचना गांव के ही यूवक रूपेश चौरसिया को दी गई।



सांप का आकार अधिक बड़ा होने पर रूपेश चौरसिया द्वारा सूचना मुझे (प्रवीण तिवारी) दी गई। सूचना मिलने पर इस बड़े आकार के अजगर सांप जिसकी लंबाई लगभग 10 से11फिट है और वजन 15 किलो 540 ग्राम है, सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

लोगों से निवेदन है कि कृषि कार्य या खेतों की साफ-सफाई करते हुए इन जीवों का भी ध्यान रखें, फसल कटाई के बाद बचे हुए कचरे को जलाएं नहीं, क्यूंकि फसल कटाई के बाद निकले पैरे या अन्य प्रकार के कचरे के नीचे अनजाने में भोजन की तलाश में ये जीव शरण ले लेते हैं और खेतों में आग लगाने से ये जीव तो मारे जाते हैं इसके साथ साथ खेतों में आग लगाने से आग की ज्वलनशीलता के कारण जमीन की उर्वरक क्षमता भी कम होती जाती है।

# परिवहन विभाग द्वारा नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में परिवहन विभाग सिवनी द्वारा वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान एक वाहन को जब्त कर शेष 22 वाहनों से कुल 91,000 रूपये का समन शुल्क वसूला गया। वाहन क्रमांक MP28B1599 बिना बीमा और बिना फिटनेस के संचालित पाया गया, जिसे जब्त कर परिवहन कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।

वहीं वाहन क्रमांक MP20T8737 पर 5000 रूपये, MP48H1128 पर बीमा नहीं पाए जाने पर 3000 रूपये, RJ47GA2132 एवं MH12MV3389 पर नियम विरुद्ध संचालन के कारण 5000-5000 रूपये का समन शुल्क वसूला गया। इस क्रम में यात्री बस एवं स्कूल वाहनों की भी जांच की गई। स्कूल बस क्रमांक MP22P0454 और MP22D6753 की फिटनेस अवधि समाप्त पाई जाने पर दिशा-निर्देश जारी किए गए। यात्री वाहनों में स्लिपर बसों के दस्तावेज, अग्निशमन यंत्र, चालक एवं परिचालक के दस्तावेजों की जांच की गई। इसी तरह मालवाहक वाहन MP22H1254 से 1,11,888 रूपये तथा वाहन MP22H0961 से 55,944 हजार का कर वसूला गया। परिवाहन विभाग द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और सड़क अनुशासन सुनिश्चित करने हेतु वाहनों की नियमित जांच जारी है। आम जनता से उनके वाहनों पर HSRP नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगाए जाने की अपील प्रशासन द्वारा की गई है।



## जन समस्या निवारण संस्थान सिवनी द्वारा गुरुनानक जयंती व कार्तिक पूर्णिमा पर हुये विविध आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जन समस्या निवारण संस्थान सिवनी द्वारा संस्थान की महिला अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डहेरिया के नेतृत्व में संस्थान के पदाधिकारियों में जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र नागरे, महिला जिला उपाध्यक्ष अम्रता बेदी बरघाट ब्लॉक अध्यक्ष मंजू चक्रवर्ती जिला सदस्य जयश्री पाण्डे देवश्री गढ़वाल, कंचन सोनी, लक्ष्मी गहलोद, रजनी पंड्या , कंचन भलावी, वर्षा विशेन, गिरिजा भांगरे,द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुद्वारा जाकर लांगर में सहयोग किया गया। कार्तिक पूर्णिमा पर्वोत्सव पर माँ पतित पावनी नदी बैनगंगा स्नान कर दीपदान किया गया साथ ही जरूरतमंदों को वस्त्रदान अन्यदान कर स्वस्ल्पाहार कराया गया तत्पश्चात शहीद वार्ड अभिषेक कालोनी संस्थान कार्यालय के पास नवनिर्मित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महाआरती पूजन पाठ महाप्रसाद वितरण के उपरांत संस्थान द्वारा महाकाल समिति के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र व झांकी निकलने वाले बच्चों को गिफ्ट उपहार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जन समस्या निवारण संस्थान द्वारा हर जरूरतमंदों की हमेशा मदद करने के लिए तत्पर है।आज के आयोजन में मुख्य रूप से रमेश नेमा, महेंद्र पंड्या, एल के डहेरिया, आर पी चौधरी, संजय मिश्रा, दिलीप विशेन, गोपाल गहलोद, राजेश रजक,गोलू निर्मलकर, हेमेंद्र भांगरे, अजय विश्कर्मा, सुनीता चौधरी,कुंती सिंगोतिया,नैना पांडे,कीर्ति ठाकुर,सन्तोषी सेन,किरण गहलोद,योगेश्वरी विशेन, चंदा जोहरी,मोनिका शिवने, नेहा मालवीय,बबली निर्मलकर, सोनू मिश्रा, प्रेमलता बेंद्रे, शशि नेमा, निर्मला कुशवाहा, कामिनी चंद्रा , राधा चंदेल , पूजा ठाकुर,आदि की उपस्थिति रही।



## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी की आवश्यक बैठक सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के सभागार में आयोजित की गई इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री अविनाश पाठक द्वारा की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सभी सेवानिवृत शिक्षक जो संगठन में निरंतर अपनी सेवाएं प्रदान की इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रमुख विजय शुक्ला संगठन मंत्री श्री अनिल शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती और मां भारती के चित्र पर दीप प्रचलन का माल्यार्पण किया गया इसके पश्चात शिक्षकों की समस्याओं पर विचार किया गया तथा सत्र 2025 की सदस्यता में सर्वाधिक सदस्यता करने वाले कुरई बरघाट धनोरा सिवनी छपाराके पदाधिकारियों पुष्प हार द्वारा सम्मानित किया गया इसके पश्चात संगठन से सेवानिवृत पूर्व कोषाध्यक्ष श्री नौबत प्रसाद शुक्ला खुरई तहसील अध्यक्ष श्री विनोद त्रिवेदीश्री प्रीतम सिंह बघेल बरघाट आर के पटेल धनोरा श्री सोनी जी धनोरा श्री प्रदीप चौबे कुरई तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी से सेवानिवृत व्याख्याता श्री सुभाष चंद्र सिंह को शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके उन्हें सम्मानित किया गया इस अवसर पर शैक्षिक प्रकोष्ठ के प्रमुख विजय शुक्ला द्वारा शिक्षकों के चतुर्थ वेतनमान के शीघ्र आदेश प्रसादित होने की बात कही तथा सभी शिक्षकों से आगामी दिसंबर माह में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में अपनी उपस्थिति प्रदान कर ने की अपील भी की संगठन मंत्री श्री अनिल शर्मा ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा सभी सेवानिवृत्ति पदाधिकारी से भी संगठन में सतत अपनी सहभागिता प्रदान करने की अपील की जिला अध्यक्ष अविनाश पाठक ने सभी विकासखंड के पदाधिकारी को संभाग में 1628सदयो के साथ द्वितीय स्थान पर सदस्यता करने के लिए आभार व्यक्त किया इस अवसर पर श्री नौबत प्रसाद शुक्ल ने सेवानिवृत्तिपदाधिकारी सम्मान करने के लिए संगठन के प्रति अपनी कृतज्ञता जारी जाहिर की अंत में राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन किया गया।

## कलेक्टर ने ली जल संसाधन विभाग की बैठक, नहरों की साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य की विस्तृत समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी रबी सीजन में किसानों को नहरों के माध्यम से सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने के लिए चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने विभागीय अधिकारियों से पेंच, भीमगढ़ सहित जिले की अन्य मध्यम सिंचाई परियोजनाओं से जुड़ी नहरों की मरम्मत, सफाई और जलप्रवाह व्यवस्था की किलोमीटरवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी नहरों में सिल्ट हटाने, टूटी दीवारों की मरम्मत, स्लूइस गेट्स की जांच एवं जल निकासी मार्गों की सफाई समयसीमा में पूर्ण की जाए, ताकि किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिल सके। कलेक्टर श्रीमती पटले ने माइनर और मेजर नहरों में कार्यरत फील्ड टीमों की क्षमता, कार्य की गुणवत्ता तथा प्रगति का ब्यौरा लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में नहरों में पानी छोड़े जाने में विलंब न हो। उन्होंने कहा कि सिंचाई व्यवस्था किसानों की जीवनरेखा है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता में रखें। कलेक्टर श्रीमती पटले ने यह भी निर्देश दिए कि जिन किसानों द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक पानी लिया जा रहा है, उन्हें चिन्हांकित कर कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के माध्यम से स्प्रिंकलर और ड्रिप सिंचाई प्रणाली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर किसानों को कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों के उत्पादन के लिए प्रेरित करने पर भी बल दिया। साथ ही विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से फील्ड निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि मरम्मत एवं सफाई कार्य की गुणवत्ता बनी रहे और सिंचाई का पानी प्रत्येक किसान तक समय पर पहुंचे। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक अभियंता, उपयंत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर श्रीमती पटले ने मोबाइल श्रेडर मशीन के प्रदर्शन का किया अवलोकन

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आज सिवनी विकासखण्ड के ग्राम भाटीवाड़ा पहुँचकर कृषक श्री संतोष सनोडिया के खेत में आयोजित मोबाइल श्रेडर मशीन के प्रदर्शन का अवलोकन किया। यह उन्नत कृषि उपकरण मेढ़-नाली पद्धति से उगाई गई मक्का फसल के उत्पादन उपरांत नरवाई प्रबंधन में प्रभावी सिद्ध हो रहा है। मशीन मक्के के पौधों को जड़ सहित बारीक टुकड़ों में काटकर मिट्टी में मिला देती है। इससे खेत अगली फसल की बोनी हेतु तैयार हो जाता है तथा मक्के के अवशेष जैविक खाद के रूप में उपयोगी सिद्ध होते हैं।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने कृषक से मशीन के उपयोग के अनुभव साझा किए और क्षेत्र के अन्य किसानों को भी इस तकनीक को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के यंत्रों के उपयोग से न केवल खेत की उर्वरता बढ़ती है बल्कि नरवाई जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान से भी बचाव होता है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नरवाई प्रबंधन में कारगर मोबाइल श्रेडर, सीडर, हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे उन्नत कृषि उपकरणों के उपयोग हेतु किसानों को प्रोत्साहित करें। साथ ही शासन की अनुदान योजनाओं का अधिकतम लाभ किसानों तक पहुँचाना सुनिश्चित करें।।

## भाव-अंतर नही भाव चाहिए- हीरा चौकसे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आज के समय में अन्नदाता कहे जाने वाले किसान खुद भुखमरी की कगार पर है जैसे तैसे अन्नदाता ने अपने मक्के की फसल पैदा तो कर ली लेकिन वर्तमान मे चल रहे मक्के के रेट से किसानो की नही लागत नहीं निकलती नजर आ रही है वही कर्ज में डूबा हुआ किसान खुदकुशी करने की कगार पर है ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार साथ दे रही है और राज्य सरकार प्राकृतिक आपदा की दोहरी मारो को झेलकर किसान अपने आप को विवश मजबूर और लाचार सा महसूस कर रहा है वहीं शासन की किसान विरोधी नीतियों आज किस को रोड पर लाकर छोड़ दिया हैप्राकृतिक आपदा सहित विभिन्न समस्याओ से साल दर साल परेशान होते आ रहा प्रदेशका किसान इसवर्ष भी वेसमय वारिश औरशासन प्रशासन के तुगलकी फरमान सहित जो कुछ मक्के की फसल की पैदावार हुई है तो उसके दामो को लेकर परेशान है सरकार भावांतर का झुनझुना किसानों को थमाते आ रही है जो किसानों के हित में कतई नहीं है। इसलिए सरकार को चाहिए कि प्रदेश के सभी जिलो के किसानो को मक्केका भावांतर नहीं भाव प्रदायकरे। इस आशय की किसान हितैषी मांग प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव एवं वर्तमान मे विधानसभा प्रभारी पाश्चिम जबलपुर द्वारा की गयी है। श्री चौकसे ने जो कि वर्षों से समाजसेवा की राजनीति के लिए अपने क्षेत्र जिले और प्रदेश मे जाने पहचाने जाते है इनका कहना है कि भारत एक कृषि प्रधानदेश है ओर भारत की आर्थिक अर्थव्यवस्था भी कृषि पर निर्भर है और देश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्य में लगी हुई है समय वेसमय कृषि कार्य करते रहने के वावजूद आजादी के इतने वर्षो बाद भी आज देश ओर प्रदेश का किसान क्यो समृद्ध नहीं हुआ है यह सरकार बेहत्तर ढंग से जानती है किन्तु ऐसा लगता है कि सरकार स्वयं किसानो को समृद्ध नहीं करना चाहती।सरकारको यह अच्छे से मालुम है कि किसान की फसल प्रकृति पर निर्भर है ओर प्राकृतिक आपदाआने से किसान पिछड़ता जा रहा है अव सवाल यह उठता है। उन्होंने कहा कि कृषि से जुडे अनेक व्यवसाय ग्रामीणो की आयका मुख्य साधन है सामन्यता ग्रामीण समाज मेजिन चीजों का उत्पादन किया जाता है उनकी खपत भी वही हो जाती है ओर अपने सीमित साधनो मे किसान अपनी आवश्यकताओं को पूर्ण करने का प्रयास करता है फिर भी उसे किसी न किसी रूप में हताश होना पड़ता है

## बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र में सीरियल किलिंग

# घर में घुसकर पति पत्नी की निर्मम हत्या!

### पुलिस से एक गुत्थी सुलझी नहीं और दूसरी बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज कटंगी।







बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र से फिर एक बार दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कथित तौर पर अज्ञात चोरों ने कटंगी शहर के नट्टी टोला रोड़ में स्थित हांके दंपत्ति (पति-पत्नी) की घर में घुसकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात्रि की है। गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे यह वारदात उस वक्त सामने आई जब प्रतिदिन की तरह आज सुबह दुधवाला हांके दंपत्ति के घर दुध लेकर पहुंचा। लेकिन डोर बेल बजाने के बाद भी घर के भीतर से कोई बाहर नहीं निकला तो दुधवाले ने पड़ोस में ही रहने वाले रमेश हांके के भांजे घनश्याम लांजे के परिवार को सूचना दी और जब पड़ोसी घर के भीतर गए तो हांके दंपत्ति की खून से लथपथ लाश पड़ी थी. जिसके बाद घनश्याम लांजे ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई. मिली जानकारी अनुसार सिंचाई विभाग में बतौर वाहन चालक पदस्थ होकर सेवानिवृत्त हुए रमेश हांके (उम्र 65) और उनकी धर्मपत्नी पुस्तकला हांके (उम्र 60) की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। पति की लाश बेडरूम और पत्नी की लाश कीचन में लहूलुहान हालत में बरामद की गई। पहली नजर में चोरी और फिर हत्या करने का मामला प्रतीत होता है। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि चोरों ने क्या-क्या चोरी किया गया है और उन्होंने घर में एंट्री कैसे ली क्योंकि घर के बाहर गेट के ताले से लेकर घर के सामने के दरवाजे में कोई तोड़फोड़ नहीं की गई। घटनास्थल पर जूतों के निशान दिखाई पड़े है। वारदात की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे. इनके अलावा साक्ष्य एकत्रित करने के लिए फॉरेसिंक टीम, डॉग स्क्वायड बुलाया गया। शाम 04 बजे दोनों पति-पत्नी का पीएम करवाकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। देर शाम तक पुलिस घटनास्थल पर मौजूद रही।

52 दिनों के भीतर कटंगी में हुई इस सीरियल किलिंग की वारदात से सभी डरे और सहमे हुए है। वहीं इस पूरी वारदात के बाद राजनीति भी तेज हो गई है। पूर्व सांसद कांग्रेस नेता बोधसिंह भगत ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रशासन पूरी तरह से नाकारा हो गया है। किसी भी क्षेत्र में सरकार का कोई अंकुश नहीं है। कटंगी विधानसभा क्षेत्र में दो डबल मर्डर की वारदातें हुई है जिसमें पति-पत्नी की निर्मम हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन सोया हुआ है। अगर, पुलिस सक्रिय होती तो इस तरह की वारदातें नहीं होती। विधायक और सांसद को इस तरफ ध्यान देना चाहिए कि इस तरह की वारदातें क्यों हो रही है। जो सत्ता में है उन्हें इन घटनाओं को गंभीरता से लेनी चाहिए अगर पुलिस डबल मर्डर की दोनों घटनाओं के आरोपियों को नहीं पकड़ती तो कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद रमेश हांके और उनकी पत्नी दोनों ही कटंगी नट्टीटोला रोड़ में रहते थे जबकि उनके दोनों पुत्र नागपुर में जॉब करते हैं। बताया जा रहा है कि उनका बड़ा बेटा अमेरिया में जॉब करता था जो कुछ माह पहले ही नागपुर में शिफ्ट हुआ है। हांके दंपत्ति की मौत की वारदात ने कटंगी थाना क्षेत्र के मोहगांव नांदी में घटित वारदात को ताजा कर दिया है। पुलिस मोहगांव में हुए बिसेन दंपति की हत्या की वारदात का अब तक खुलासा नहीं कर पाई है। बिसेन दंपत्ति की हत्या अब भी गुत्थी बनी हुई है और अब कटंगी थाने से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर डबल मर्डर की यह दूसरी बड़ी घटना हुई है। जिसका खुलासा करना अब पुलिस के लिए चुनौती है। बहरहाल जैसे ही डबल मर्डर की जानकारी पुलिस को मिली पुलिस ने घटना स्थल को सील कर दिया था और किसी को भी घटनास्थल पर प्रवेश नहीं करने दिया गया। ताकि घटनास्थल पर जो साक्ष्य है उनसे किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ ना हो पाए। डबल मर्डर की वारदात से पुलिस की कार्यशैली पर ही सवाल उठने लगे है खासतौर पर पुलिस अधीक्षक सभी के निशाने पर है। जिले में उनकी तैनाती के बाद जनप्रतिनिधि से लेकर मीडिया ने उनकी तारीफों के कसीदे गढ़े थे किंतु देखा जा रहा है कि जिले में किसी एक भी बड़े मर्डर का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई है जबकि मोहगांव नांदी की वारदात में एसपी लगातार मानिंटरिंग कर रहे थे।

डबल मर्डर की इस वारदात के बाद शहर में सीसीटीवी कैमरों का मुद्दा फिर एक बार जोरों से छा गया। हर कोई सीसीटीवी के बारे में चर्चा करने लगा। पूर्व जनपद पंचायत सदस्य अंजू शर्मा ने कहा कि शहर में कहीं भी सरकारी सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे है। जिस कारण आरोपी इस तरह की वारदातों को आसानी से अंजाम देकर फरार हो रहे है। उन्होंने पुलिस की नाकामी की वजह से वारदात होने की बात कहीं है। अंजू शर्मा ने कहा कि नगर परिषद ने शहर में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं थे जो बंद हुए और आज तक उनकी मरम्मत नहीं की गई। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिलाध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर ने कहा कि आरोपियों से कानून का डर पूरी तरह से समाप्त हो गया है। जिले के कटंगी थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। मोहगांव में बिसेन दंपत्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के भाइयों पर ही हत्या का संदेह जताया आज कटंगी में वैसे ही डबल मर्डर की घटना घटित हुई है यह पुलिस की नाकामी है।

#### इनका कहना है

हांके दंपत्ति के घर में चोरी और फिर हत्या की गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**निहित उपाध्यक्ष**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**

---

## मरम्मत के नाम पर शासकीय राशि का बंदरबाट?

# बालाघाट-सिवनी मार्ग पर मरम्मत नहीं लीपापोती

### अधूरी मरम्मत, गड्ढे दिखाई दे रहे जस के तस



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर जिले में सड़कों की मरम्मत का कार्य जारी है लेकिन देखने में आ रहा है कि बालाघाट सिवनी मार्ग में मरम्मत तो हो रही है लेकिन मरम्मत के नाम पर सिर्फ थूक पॉलिश की जा रही है।निम्न स्तर की मरम्मत की जा रही है गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैंकंजई से लेकर सिहोरा तक मरम्मत कार्य शुरू है लेकिन मरम्मत के बाद भी हजारों गड्ढे देखने में आ रहे हैं।

जो राहगीरों के लिए दुख का कारण है। मरम्मत के नाम पर शासन को चूना लगाया जा रहा है और निम्न स्तर की मरम्मत की जा रही है जो चंद दिनों में ही देखने में आ जाएगी प्रशासन को चाहिए की बालाघाट सिवनी मार्ग पर हो रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण करें, और देखे की बालाघाट सिवनी मार्ग की कैसी मरम्मत हो रही है। कंजई से लेकर सिहोरा तक मार्ग पर गड्ढे की भरमार है।

#### कंजई से सिहोरा तक अधूरी मरम्मत दिख रहे हैं हजारों गड्ढे

वर्तमान दिनों में बालाघाट सिवनी मार्ग पर कंजई से मरम्मत का कार्य शुरू है लेकिन जगह-जगह छोटे बड़े गड्ढे दिखाई दे रहे हैं कंजई पुराने बेरियल के पास बड़ा गड्ढा दिख रहा है लेकिन उसकी मरम्मत नहीं की गई और तो और बेरियल से लेकर बंजारी मंदिर तक अनेकों गड्ढे जैसे कि तैसे दिखाई दे रहे हैं जिन्हें भरा नहीं गया। गड्ढो के चलते दो पहिया वाहन बड़े वाहनो,राहगिरो को भारी परेशानी हो रही है। बावजूद इसके प्रशासन के जिम्मेदार मरम्मत कार्य पर ध्यान नहीं दे रहे हैं घटिया मरम्मत कार्य जारी है। जागरूक जनो और आम राहगीरो द्वारा प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया है कृपया ध्यान दें और अधूरी मरम्मत न कराए बालाघाट सिवनी मार्ग पर हजारों लाखों गड्ढे अभी भी दिखाई दे रहे हैं गड्ढो को मरम्मत की दरकार है। प्रशासन मरम्मत कार्य पर ध्यान दें।

---

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर 9 नवंबर को होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




पुरानी पेंशन योजना की बहाली के समर्थन में नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विशाल आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। उक्त आयोजन 9 नवंबर को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में किया जाएगा। इस आंदोलन में मध्य प्रदेश के लाखों शिक्षक सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आंदोलन का उद्देश्य यह संदेश देना है कि पुरानी पेंशन बहाली अब केवल मांग नहीं, बल्कि कर्मचारियों का अधिकार और अटल संकल्प बन चुकी है। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में ऑल इंडिया एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह पटेल के नेतृत्व मेंदेशभर के सभी राज्यों और विभागों के कर्मचारी प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। दिल्ली का जंतर-मंतर इस दिन कर्मचारियों की एकजुटता, संघर्ष और पुरानी पेंशन के प्रति उनके दृढ़ निश्चय का प्रतीक बनेगा। प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने कहा अब समय आ गया है कि हम अपनी पुरानी पेंशन के हक के लिए एकजुट होकर सरकार तक अपनी आवाज बुलंद करें। जिलाध्यक्ष आशीष बिसेन ने बताया कि बालाघाट जिले से सैकड़ों शिक्षकों एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों ने अपने भविष्य को सुरक्षित करने पुरानी पेंशन के लिए दिल्ली की तैयारी कर ली है। अब मांग से काम नहीं चलेगा। जिला पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों एवं कर्मचारियों से दिल्ली जाने की अपील की है।

---

## गायत्री मंदिर शक्ति पीठ प्रवेश द्वार प्रेमनगर का हुआ लोकार्पण

### गायत्री परिवार एवं वार्डवासियों ने जताया नपा का धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



वसुधैव कुटुम्बकम विश्व एक परिवार है के सिद्धांत पर आधारित वैश्विक संगठन गायत्री शक्तिपीठ जिसका उद्देश्य सत्य और धर्म के पथ पर चलना और मानव कल्याण के लिए कार्य करना है। गायत्री परिवार ट्रस्ट बालाघाट द्वारा निरंतर गायत्री मंदिर मार्ग पर प्रवेश द्वार की मांग की जा रही थी जिसे लेकर वार्ड क्रं. 26 की पार्षद एवं सभापति योगिता बोपचे के माध्यम से नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर निवेदन किया गया था। 6 नवंबर को इस प्रवेश द्वार का लोकार्पण समारोह पूर्वक किया गया। जहां नपाध्यक्ष ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि गायत्री माता के नाम से निर्मित इस प्रवेश द्वार का लोकार्पण करने का अवसर प्राप्त हुआ है। गायत्री मंदिर शक्तिपीठ प्रवेश द्वार सर्किट हाऊस रोड होटल मल्लिकार्जुन के पास प्रेमनगर मार्ग में निर्माण किया गया है जिससे नगर का गौरव और गरिमा बढ़ेगी। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी डॉ. चारूदत्त जोशी ने बताया कि प्रवेश द्वार बनाने के लिये नपाध्यक्ष से मांग रखी गई थी जिसमें पूर्व पार्षद विनय बोपचे के द्वारा भी इसका प्रस्ताव रखा गया था तथा वर्तमान पार्षद योगिता बोपचे ने भी इस प्रस्ताव पर सहमति देते हुए संयुक्त रूप से मांग की थी। नपाध्यक्ष ने इसे स्वीकार किया और प्रवेश द्वार का निर्माण तीव्र गति से किया गया। 6 नवंबर को इसका लोकार्पण कर गायत्री परिवार के साथ ही नगर को सौगात दी गई है। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने बताया कि लम्बे समय से गायत्री परिवार एवं वार्ड क्रं.26 की पार्षद की मांग रही थी, प्रेमनगर में गायत्री शक्तिपीठ मंदिर है इस हेतु मुख्य मार्ग से इस दिशा में प्रवेश करते ही प्रवेश द्वार की आवश्यकता थी। उन्होंने बताया कि प्रवेश द्वार का विधिवत लोकार्पण किया गया है। गायत्री शक्तिपीठ प्रवेश द्वार बनाने के लिये हमारी परिषद को काम करने का सौभाग्य मिला जहां शहर के वार्ड नं. 26, 27 और 25 के वार्डवासियों ने खुशी जताई है।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान प्रमुख रूप से गायत्री परिवार ट्रस्ट बालाघाट के सहायक प्रबंध ट्रस्टी महेश खजांची, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी चारूदत्त जोशी, वार्ड क्रं. 26 की पार्षद तथा नपा सभापति योगिता बोपचे, पूर्व पार्षद विनय बोपचे, डीपी राहंगडाले, अनिल बिसेन, पीएल राहंगडाले, अनिल जनई, राजेन्द्र चौकसे, राकेश सेवईवार, अमिता चौधरी, मानसिंह चौधरी, किरण सुनेरी, गायत्री बिसेन, योगिता गौतम, गायत्री पाले, उर्मिला भगत, शशि चौधरी सहित अन्य वार्डवासी एवं गायत्री परिवार सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

## 13 दिसम्बर नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैंक अधिकारियों की हुई बैठक



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर 2025 (शनिवार) को जिला न्यायालयों/तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुम्ब न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों एवं बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेषन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामले निराकरण के लिए रखे जायेगें।

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन की दृष्टि से 06 नवम्बर को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीष शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे द्वारा समस्त बैंक अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में बैंकों से संबंधित प्रकरणों के संबध में चर्चा की गई। साथ ही समस्त बैंकों के अधिकारियों से अनुरोध किया गया कि अपनी बैंक से संबंधित प्रिलिटिगेशन प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में राजीनामा के माध्यम से निराकरण के लिए प्रस्तुत करें। बैठक में यूको बैंक से श्री ब्रजेश मोहन सुर्यवंशी, बैंक ऑफ इण्डिया बालाघाट से श्री शिवानी दूबे, मप्र ग्रामीण बैंक बुढ़ी से श्री लीलाधर सुलाखे, आईडीबीआई बैंक से निखिल सुरेश महाजन, बैंक ऑफ महाराष्ट्र से राहुल कोमलकर, इंडियन ओवरसीज बैंक से सुजीत मरकाम आदि उपस्थित रहे।

---

### कोर बैंकिंग, जीएसटी, इन्कम टैक्स, टीडीएस पर जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

## सर्तकता और जागरूकता से करे कार्य: सीईओ जोशी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बालाघाट मुख्यालय में 5 नवंबर को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यशाला में कोर बैंकिंग, जीएसटी, इन्कम टैक्स, टीडीएस सहित अन्य विषयों पर सर्वप्रथम नितिन दुबे टी.सी.एस. भोपाल द्वारा शाखा प्रबंधको, लिपिक एवं शाखा के डाटा ऑपरेटरों को कोर बैंकिंग में आ रही कठिनाईयों के समाधान को लेकर आवश्यक जानकारी दी गई।

इस दौरान शाखा प्रबंधको द्वारा कोर बैंकिंग में आ रही कठिनाईयों के संबंध में प्रश्न किया गया। जिस पर श्री दुबे ने बताया कि खाताधारको के केवायसी पूर्ण रूप से भरे यदि केवायसी पूर्ण नही की जाती है तो बैंकिंग कार्य में कठिनाईयां आना संभव है। ए.टी.एम. में आने वाली व्यवहारिक परेशानियो का निराकरण कैसे किया जाता है इस संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी गई। इसके अलावा खाताधारको के सीआईएफ, एफ.डी., आर.डी., सेविंग, करेंट खातों को किस प्रकार ऑपरेट किया जाना चाहिए इस संबंध में भी बारिकी से बताया गया। शाखा प्रबंधक मुख्य शाखा बालाघाट, परसवाड़ा, तिरोड़ी, कटंगी, साडरा, किरनापुर सहित अन्य शाखा प्रबंधको द्वारा टीडीएस, चैक और एसएमएस अलर्ट, पेन कार्ड को लेकर आ रही कठिनाईयों से अवगत कराया गया। जिस पर श्री दुबे ने इन विषयों को लेकर विस्तार से समाधान के संबंध में बताया।

इस दौरान बैंक सीईओ पी. जोशी ने कहा कि सभी शाखा के कर्मचारियों को सर्तकता और जागरूकता के साथ सावधानीपूर्वक बैंकिंग कार्य करने की आवश्यकता है। किसी भी स्तर पर कोर बैंकिंग में यदि असावधानी बरती जाती है तो परिणाम नकारात्मक होता है। इसलिए आवश्यक है कि आरबीआई, नाबार्ड, अपेक्स बैंक, बैंक मुख्यालय के द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। श्री जोशी ने बैंकिंग कार्य अंतर्गत पैक्स कम्प्यूराईजेशन ईआरपी में बाउचर प्रविष्टि, पोस्टींग, ई-पेक्स, धान उपार्जन, ऋण प्रविष्टि, ऋण वसूली, मध्यमकालीन ऋण वितरण और वसूली, उपार्जन अंतर्गत आधार लिंकिंग, डिमांड नोटिस तामिली, प्रोत्साहन राशि सहित अन्य विषयों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिला स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित हुए रविन्द्र वैद्य सनदी लेखापाल बालाघाट द्वारा जी.एस.टी.,इन्कम टैक्स और टी.डी.एस. जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में शीर्ष स्तर से जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप जी.एस.टी, इन्कम टैक्स और टी.डी.एस. बैंक कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका में है जिसका पालन करना बैंककर्मीयों को निमयानुसार करना महत्वपूर्ण हो गया है। इस दौरान उपस्थित बैंक कर्मचारियों द्वारा प्रश्न भी किया गया जिस पर श्री वैद्य ने इसकी महत्ता और बैंक कार्य में इसकी भूमिका के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया।

---

### नौसिखिये बांट रहे दवाई, नहीं जानते कि कौन सी दवा किस बीमारी की

# किराये पर चल रहे मेडिकल स्टोर, फार्मासिस्ट का अता पता नहीं

### मेडिकल स्टोर में लाइसेंस किसी का, बैठ रहा कोई दूसरा, ड्रग इंस्पेक्टर को नहीं है जानकारी

हरिभूमि न्यूज लांजी।

छिंदवाड़ा में जहरीली कफ सिरप से हुई मासूमों की मौत ने न केवल प्रदेश बल्कि देश को हिला दिया, लेकिन इस घटना के कुछ दिनों तक हो हल्ला के पश्चात स्थिति जस की तस हो चुकी है।जिले सहित तहसील क्षेत्रों में चल रहे मेडिकल स्टोर्स में से अधिकतर दुकानें लंबे समय से नौसिखियों के भरोसे चल रही हैं। इन दुकानों पर टंगे लाइसेंस किसी ओर के नाम से हैं, जबकि यहां दवाओं की बिक्री किसी ओर के भरोसे की जा रही है। हालात यह है कि मेडिकल स्टोर्स संचालकों को यह लाइसेंस आसानी से किराए पर भी मिल जाते हैं। इसके बाद इन्हीं लाइसेंस के आधार पर इन दवा की दुकानों का संचालन अन्य व्यक्ति कर रहे हैं। ऐसे में यह नौसिखिए आमजन के स्वास्थ्य को खतरे में भी डाल सकते हैं। जिला मुख्यालय सहित तहसील क्षेत्रों में आज भी मेडिकल दुकानों पर प्रशिक्षित फार्मासिस्ट नदारद हैं और उनकी जगह अनुभवहीन युवक दवाएं थमा रहे हैं। शासन के स्पष्ट आदेशों के बावजूद इन दुकानों में फार्मासिस्ट की उपस्थिति केवल कागजों में दर्ज है। बड़ी बात यह है कि बीते दिनों प्रशासन द्वारा गठित की गई टीमों ने जिले के विभिन्न विकासखंडों में पहुंचकर जांच की है। जिसमें कई मेडिकल स्टोर में फार्मासिस्ट नहीं पाए गए। लोगो का कहना है कि जिले में बड़ी संख्या में ऐसी दवा दुकानें हैं जिनका लाइसेंस किसी और व्यक्ति के नाम पर है, लेकिन दुकान किसी अन्य द्वारा चलाई जा रही है। दुकानों पर बैठे आठवीं-दसवीं पास नौजवान यह तक नहीं जानते कि कौन सी दवा किस बीमारी में दी जाती है।

**निरीक्षण में भी खामी नहीं ढूंढ पाए अधिकारी:** विगत दिनों जब छिंदवाड़ा में जहरीली कफ सिरप से हुई मासूमों की मौत का मामला प्रकाश में आया तो जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मुख्यालय सहित तहसील क्षेत्रों की दवाई दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमें अधिकारियों द्वारा लाईसेंस और दवाईयों पर ध्यान दिया गया परंतु यह नहीं देख पाए इन सभी मेडिकल स्टोर्स में कार्य करने वाले नौजवानों के पास फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा इन फार्मेसी या बैचलर ऑफ फार्मेसी की डिग्री है की नहीं या कुछ समय तक किसी योग्य चिकित्सक या अस्पताल में कार्य कर चुके हो। परंतु यहां ऐसा नहीं है बिना योग्यता वाले युवक-युवतियां लांजी क्षेत्र के विभिन्न मेडिकलों में आसानी से देखे जा सकते है जिन्हें दवाईयों के संबंध में यह तक नहीं पता की किस बीमारी की कौन सी दवाई मरीजों को देना है।

**जुगाड़ से चल रही अधिकांश दुकानें:** जिले भर में जुगाड़ के फार्मासिस्ट से दवा बेचकर मुनाफा कमाने वालों मेडिकल संचालकों की संख्या काफी अधिक है, लेकिन इनके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालात है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी या ड्रग इंस्पेक्टर को जनहित से कोई लेना-देना नहीं है। जिससे ऐसे मेडिकल स्टोरों की जांच-पड़ताल नहीं की जाती है।जबकि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में करीब 800से 1000 की संख्या में मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं। जिसमें से 70 फीसदी से अधिक बिना फार्मासिस्ट के चल रहे हैं।



ऐसे में डिग्री होल्डर के लाइसेंस किराए पर लेकर दुकानें संचालित की जाती है। इसके लिए दवा विक्रेता लाइसेंसी को घर बैठे ही मासिक दो से तीन हजार रुपए बतौर किराए के रूप में दे रहे हैं। किसी भी दवा दुकान पर दवा की बिक्री के दौरान होने वाली गड़बड़ी का जिम्मेदार उस दुकान का लाइसेंस धारक ही होता है, लेकिन अधिकतर दवा की दुकानें किराए के लाइसेंस पर चलाई जा रही है जबकि लाइसेंस धारक दुकान पर होते ही नहीं है।

#### इनका कहना है

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है, क्षेत्र के सभी मेडिकलों की जांच कराई जाएगी जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

**स्वप्रिल सिंह,**
**ड्रग इंस्पेक्टर**